## संक्षिप्त

### चाकूबाजी वारदात के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। किशोरपुरा पुलिस टीम ने चाकूबाजी के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियो को गिरफतार किया है। किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि 8 जनवरी को फरियादी आवेश ने अस्पताल में पर्चा बयान दिया कि 7 जनवरी को रिश्तेदार की शादी में जंगलीशाह बाबा गया था। फरियादी ने कहा कि रात्रि के समय कासिम, आरीश, इस्लाम आये और रोककर जान से मारने की नियत से कासिम ने चाकू से हमला कर दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में उच्च अधिकारियो के निर्देश पर टीम गङ्गित की गई। गङ्गित टीम ने कार्यवाही करते हुए किशोरपुरा निवासी मोहम्मद कासिम एवं आरिश को गिरफतार कर लिया एवं फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में एक युवक के घर की छत पर घुमते समय अचानक गिरने से संदिग्ध मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार युवक काम पर लौट कर आया और घर की छत पर टहलने के लिये गया और अचानक से गिर गया, जिसे परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। महावीर नगर थाने के हेड कांस्टेबल शाबिर हुसैन ने बताया कि 37 वर्षीय श्याम बिहारी सुमन जो आरसीसी का कॉन्टेक्टर है, गुरूवार शाम को काम पर लौट कर घर पहुंचा और घर की छत पर टहलते समय अचानक से गिर गया। हेड कांस्टेबल ने बताया कि युवक को अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है।

### त्रैमासिक वर्कशॉप 11 जनवरी को

**कोटा,** (निसं)। कोटा, बारां एवं झालावाड न्याय क्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों की द्वितीय त्रैमासिक वर्कशॉप 11 जनवरी को न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय पर कृषि विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। वर्कशॉप में तीनों जिलों के समस्त न्यायिक अधिकारी भाग लेंगे। प्रभारी अधिकारी अपर सेशन न्यायाधीश धर्मराज मीणा ने बताया कि वर्कशॉप में नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के साथ सिविल विविध वर्कशॉप के विषय रहेंगे।

### प्रतियोगिता के लिए चयन 13 को

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य अन्तरजिला सिविल सेवा टेनिस, राजस्थान राज्य अन्तरजिला सिविल सेवा बेडमिण्टन तथा राजस्थान राज्य अन्तरजिला सिविल सेवा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन रघुराई स्टेडियम में 17 से 19 जनवरी तक किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया प्रतियोगिता में जिले के पुरुषों के लिए टेनिस, टेबल टेनिस, बेडमिण्टन के चयन के लिए भाग लेने वाले समस्त विभागों से प्राप्त आवेदनों में से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए 13 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे रघुराई स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

### युवक पर चाकू से हमला

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा थाना इलाके में तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में घायल युवक को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छावनी स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पास तीन बदमाशों ने संजय गांधी नगर निवासी कपिल महावर पर चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गये। हमले के पीछे रूपये के लेन-देन का मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि हमले में घायल युवक को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, घायल युवक के बयान पर मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दो तस्कर गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कनवास पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम सहित दो तस्करो को गिरफतार किया है।

# संभागीय आयुक्त ने बूंदी कलेक्ट्रेट और जिला परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया

■ **जिला परिषद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई और पुरानी फाइलों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया।**

**कोटा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को बूंदी में जिला कलेक्ट्रेट और जिला परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला परिषद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई और पुरानी फाइलों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुरानी फाइलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और अनुपयोगी सामग्री को नियमानुसार हटाया जाए। आरटीआई के लंबित प्रकरणों की अधिक संख्या पर नाराजगी जताते हुए संभागीय आयुक्त ने सभी मामलों को वरीयता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को स्वयं नियमित रूप से अनुभागों का निरीक्षण करने और फाइलों के औसत निस्तारण समय में कमी लाने के लिए पाबंद किया। संभागीय आयुक्त ने सांसद एवं विधायक कोष, डांग, माडा, और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न अनुभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता जारी करने में हो रही देरी पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर जल्द सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रस्थापना शाखा के अवलोकन के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्मिकों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित जांचों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि अनुशासनात्मक कार्यवाही में अनावश्यक विलंब न हो। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने सामान्य अनुभाग में फाइलों के अंबार को व्यवस्थित करने और असेवा योग्य सामान के निस्तारण की हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिए कि एसडीआरएफ मानदंडों के तहत स्वीकृत मरम्मत कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। खाद्य सुरक्षा के लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों के आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। अंत में, उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा मानकों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा, सीईओ रवि वर्मा और एसडीएम लक्ष्मीकांत मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चायनीज मांझें की जप्ती के लिए सघन अभियान

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। नगर पालिका रामगंजमण्डी द्वारा 9 जनवरी शुक्रवार को राज्य सरकार के आदेशानुसार अधिशाषी अधिकारी तरूण लहरी के निर्देश पर नगरपालिका क्षेत्र के बाजारों में पतंगबाजी में प्रयुक्त धातु मिश्रित चायनीज मांझें की जप्ती हेतु नगरपालिका टीम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाकर इसकी विक्रय नही करने हेतु दुकानदारों से समझाईश की गई। चायनीज मांझा जिससे दुपहिया वाहन चालकों एवं पक्षियों को जान का खतरा हो सकता है, इस हेतु इसकी विक्रय एवं उपयोग ना करने हेतु आमजन से समझाईश की गई एवं दुकानदारों व आम जनता को चायनीज मांझें के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इसके साथ ही दुकानदारो एवं आमजन से प्लास्टिक पोलिथीन इस्तेमाल नही करने हेतु भी समझाइस की गई और निरीक्षण के दौरान प्लास्टिक पोलिथीन उपयोग करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने के कारण 200 रूपये का जुर्माना लगाया गया एवं पाबंद किया गया और 9 किलो 500 ग्राम प्लास्टिक पोलिथीन जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान सफाई प्रभारी हरिओम मेघवाल, जमादार नवीन जादौन, विजय कुमार, सुरेश नरवाला, पप्पू डंडोरिया व अर्जुन पंवार आदि मौजूद रहें।

## वी.के. जेटली का वैश्विक मंच पर सम्मान

**कोटा,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय सारस्वत ब्राह्मण महासम्मेलन में करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन वी.के. जेटली को उनके उल्लेखनीय सामाजिक सेवा कार्यों के लिए शाइनिंग स्टार सम्मान से सम्मानित किया गया। यह भव्य महासम्मेलन जोधपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, वरिष्ठ अधिवक्ता हस्तीमल सारस्वत, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जी.डी. बख्शी, विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा सहित अनेक प्रतिष्ठित सारस्वत समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

वी.के. जेटली को गरीब बालिकाओं की शिक्षा, सरकारी स्कूलों को गोद लेना, स्वच्छता, पेयजल, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिविर और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर सेवा कार्यों के आधार पर इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। महासम्मेलन में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, रूस, नेपाल सहित लगभग 15 देशों से सारस्वत ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### नाबालिग ने फांसी लगा सुसाईड किया

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्र ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। मृतक कक्षा 9वीं का छात्र था, मामले में सामने आया है कि घटना के समय घर में नाबालिग अकेला था। जानकारी के अनुसार अटरू हाल बोरखेड़ा की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय नाबालिग ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया। जिसे नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले एक 15 वर्षीय छात्र ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया, घटना के समय नाबालिग घर में अकेला था, मृतका की मां कोटा से बाहर गई हुई थी और बहन स्कूल गई थी। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### प्रशिक्षण संपन्न

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुल्मी में 9 जनवरी शुक्रवार को मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मृदा परीक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत अनिल कुमार कृषि अनुसंधान अधिकारी(रसायन) मृदा परीक्षण प्रयोगशाला सांगोद के द्वारा मृदा नमूना लेने की प्रक्रिया,मृदा नमूना विश्लेषण,मृदा स्वास्थय कार्ड की उपयोगिता तथा आवश्यकता की जानकारी स्कूल की विद्यार्थियों व स्टॉफ को जानकारी दी गई। कृषि पर्यवेक्षक हरिओम मीणा द्वारा प्राकृतिक खेती, गोर्वधन जैविक उर्वरक योजना व कृषि छात्रा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की जानकारी दी गई।

## नहर में दोस्त को बचाने गये युवक की मौत

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में चम्बल की बांई मुख्य नहर में डूब रहे दोस्त को बचाने गये युवक की नहर में डुबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय मानवेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से करौली जिले के टोडाभीम तहसील के उर्दन गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार चार-पांच युवकों का ग्रुप मौज-मस्ती के लिए नहर किनारे पहुंचा था, इसी दौरान बूंदी के इंद्रगढ़ निवासी तन्मय पानी लेने नहर में उतरा, लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह बहने लगा, उसे बचाने के लिए मानवेंद्र सिंह भी नहर में कूद गया, साथियों ने तन्मय को तो बाहर निकाल लिया, ङ्कनान्ता थाने के एएसआई शिवराज सिंह ने बताया कि कुछ युवक घुमने के लिये निकले थे, नहर के समीप एक युवक पानी लेने के लिये उतरा तो उसका पैर फिसलने से वह नहर में डूब गया।


**आम सूचना**

श्री अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री पुष्पचंद गुप्ता, निवासी मकान नं. 3-जे-41, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा (राज.) उनके स्वामित्व के मकान नं. 3-जे-41, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा (राज.) को बैंक ऑफ बडौदा, कोटा में साम्यक् बंधक रख ऋण हेतु आवेदन किया है।
यह कि स्व. श्री पुष्पचंद गुप्ता को उक्त मकान नं. 3-जे-41, महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा (राज.) राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा द्वारा आवंटित किया गया था, जिसकी परचीच्युअल लीज डीड एवं कन्वेन्स डीड का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, कोटा में दिनांक 20.09.1999 को हो रहा है। श्री पुष्पचंद गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक31.12.2024 को हो गया है एवं उनकी पत्नी श्रीमती राधा रानी गुप्ता का स्वर्गवास भी दिनांक 08.01.2024 को हो चुका है। श्री पुष्पचंद गुप्ता एवं श्रीमती राधा रानी गुप्ता की मृत्युपरान्त उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती मधु गुप्ता, श्रीमती कल्पना गुप्ता एवं श्री अशोक कुमार अग्रवाल बनें। इसके पश्चात् श्रीमती मधु गुप्ता एवं श्रीमती कल्पना गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति में निहित अपने 2/3 - 2/3 अविभाजित हिस्से का हक त्याग अपने भाई श्री अशोक कुमार अग्रवाल के पक्ष में जरिये रिलीज डीड दिनांक 11.11.2025 से किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोटा द्वितीय में पुस्तक सं. 1. जिल्द सं. 558, पृष्ठ सं. 66, क्रम सं. 202503127102764 पर हो रहा है। इस प्रकार उक्त रिलीज डीड के माध्यम से श्री अशोक कुमार अग्रवाल उक्त सम्पत्ति के मालिक व काबिज चले आ रहे है। उक्त सम्पत्ति पूर्व से ही आईसीआईसीआई बैंक में बंधक चली आ रही है।
यह कि उक्त को बैंक ऑफ बड़ौदा में साम्यक् बंधक रखने बाबत् यदि किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
कोटा
दिनांक-5.1.26
राजेन्द्र मंगल एडवोकेट
मकान नंबर 322 महावीर नगर द्वितीय, कोटा राज.
मो. 94148-02953


## पोस्टर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। मेला एमएसएमई विकास कार्यालय, जयपुर द्वारा जिला प्रशासन, कोटा तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के सहयोग से 16 से 18 जनवरी तक किशोर सागर तालाब के पास ग्रामीण हाटा बाजार, कला दीर्घा के सामने नयापुरा में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रस्तावित प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने किया। पोस्टर विमोचन के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेले की जानकारी कारीगरों, शिल्पकारों एवं उद्यमियों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने का उद्देश्य रखा गया है। अधिकारियों ने इस आयोजन को विश्वकर्मा कारीगरों के लिए उत्पाद प्रदर्शन एवं विपणन का एक महत्वपूर्ण मंच बताया, जिससे पारंपरिक कौशल को राष्ट्रीय पहचान मिलने में सहायता प्राप्त होगी। पोस्टर विमोचन के अवसर पर उप निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, जयपुर अजय शर्मा तथा महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र हरिमोहन शर्मा उपस्थित रहे।

# आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र के लिए भटकें नहीं लोग : कलेक्टर

■ **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में खरीफ फसल आदान अनुदान, सरकारी विद्यालयों में यूनिफॉर्म भुगतान, और नए नाम जोड़ने, सुरक्षा योजना की प्रगति पर चर्चा**

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने निर्देश दिए हैं कि जिले में आधार कार्ड बनवाने, संशोधन एवं जन्म प्रमाण पत्र संबंधी व्यवस्थाएं सुचारू रहें ताकि इनके अभाव में आमजन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नहीं रहें। उन्होंने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में खरीफ फसल आदान अनुदान, सरकारी विद्यालयों में यूनिफॉर्म भुगतान, खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत अपील और नए नाम जोड़ने, सामाजिक सुरक्षा योजना की प्रगति तथा अंतर विभागीय मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कलक्टर ने सभी उपखंडों में आधार सेवा केन्द्रों की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि ये केंद्र सुचारू रूप से चलें ताकि लोगों को आधार कार्ड बनवाने और इनमें संशोधन आदि प्रक्रियाओं के लिए भटकना नहीं पड़े और वे सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ ले सकें।

इसी तरह जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की व्यवस्थाएं भी सुचारू रखी जाएं। विद्यालयों में यूनिफॉर्म के भुगतान हेतु डीबीटी व्यवस्था की जानकारी ली और शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। खरीफ फसल खराबे पर आदान अनुदान वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रभावित किसानों के शत प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किया जाए। खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत अपील और नए नाम जोड़ने की समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि व्यापक प्रचार प्रसार कर इस योजना वंचित पात्र व्यक्तियों को जोड़ा जाए। पालनहार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना इत्यादि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन योजनाओं का अधिकाधिक पात्र जनों को लाभ दिया जाए। उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर विभागीय मुद्दों का निस्तारण ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैङ्गक बुलाकर वहीं सुनिश्चित किया जाए। एडीएम प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव, एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल, उपखंड अधिकारी लाडपुरा गजेंद्र सिंह एवं अन्य उपखण्ड अधिकारी वीसी से जुड़े। इनके अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया, अतिरिक्त निदेशक डीओआईटी महेंद्र पाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 घंटे में की त्वरित कार्यवाही

■ **तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए गए**

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त एक प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही की। प्राप्त शिकायत के अनुसार अम्बेडकर कॉलोनी में भूखंड संख्या 41 के समीप स्थित भू-पट्टी पर अतिक्रमण किया गया था। जनसुनवाई में प्रकरण प्राप्त होते ही सचिव मुकेश चौधरी द्वारा तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए गए। निर्देशों की अनुपालना में तहसीलदार सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में उक्त भू-पट्टी से अतिक्रमण हटाया गया तथा भूखंड को नीलामी हेतु सुरक्षित किया गया। उक्त भूखंड को शीघ्र ही नीलाम किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कानूगो हरीश गुप्ता, मुरलीधर पारेता, हरीश प्रजापति, पटवारी रामनिवास एवं कनिष्ठ अभियंता अर्पिता जैन उपस्थित रहे।


**कार्यालय (वि.) नगर निगम कोटा (राज0)**

क्रमांकः– ननिको /वि0/2025/234–241 दिनांक : 06.01.2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम कोटा द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट http://kotamc.org.com, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
(कुल 02 कार्य अनुमानित राशि 66.16 लाख रूपये)
1. NIB code DLB2526A9925 and UBN is: DLB2526SLOB29439
2. NIB code DLB2526A9925 and UBN is: DLB2526SLOB29440

अधिशाषी अभियंता (वि.)
राज.संवाद/सी/25/17378 नगर निगम कोटा

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड IREL (India) Limited**
पहले इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड।
(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Government of India Undertaking)
CIN: U15100MH1950G01008187 वेबसाइटः www.irel.co.in ISO 9001:2015, ISO 14001: 2015 और ISO 45001: 2018 कंपनी
संदर्भ-विज्ञा 25-26/15 निविदा नोटिस दि. 06.01.2026/Ref: ADVT.NO.25-26/15 TENDER NOTICE Date: 06.01.2026
IREL (इंडिया) लिमिटेड, चावरा नीचे दिए गए आइटम / जॉब डिस्क्रिप्शन के लिए बिड मंगा रहा है।

| कार्य नं/ Event No. (GeM) | काम/मद विवरण/Job / Item Description |
| --- | --- |
| जीईएम/2026/बी/7075674 | IREL (इंडिया) लिमिटेड, चावरा में इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (EPC) बेसिस पर प्री HUS फैसिलिटी की प्रोक्योरमेंट, सप्लाई, ट्रांसपोर्टेशन, डिसमेंटलिंग, इरेक्शन और कमीशनिंग के लिए एजेंसी चुनने के लिए प्रपोज़ल का अनुरोध |

बिड निविदा फार्म http://irel.co.in or http://gem.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा में कोई शुद्धिपत्र विस्तार वेबसाइट में ही डाल सकते हैं। बिडर http://irel.co.in या http://gem.gov.in वेबसाइट से टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड कर सकते है। ऊपर दिए गए टेंडर में कोई भी सुधार / एक्सटेंशन सिर्फ़ ऊपर दी गई वेबसाइट पर ही होस्ट किया जाएगा।
CBC 48139/12/0015/2526 ह. प्रधान, चवरा / Sd/ Head, Chavara


# शाहपुरा श्याम मंदिर से खाटू श्याम पहुंचे पैदल यात्री

**कोटा,** (निसं)। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें जीवन की नई दिशा देने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब कोटा एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार, 9 जनवरी को झालावाड़ रोड स्थित श्रद्धा वृद्धाश्रम (श्रद्धा भवन) में किया गया।

अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ऐसे सेवा प्रकल्प समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में आशा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। दिव्यांगजनों को सक्षम बनाना केवल सहायता नहीं, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने इनरव्हील क्लब एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इस प्रकार के मानवीय कार्यों में सहभागिता करनी चाहिए। क्लब अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि शिविर में बच्चों से लेकर वरिष्ठ आयु वर्ग तक के दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौके पर ही कृत्रिम अंगों का माप लेकर जयपुर फुट तैयार किया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों को शीघ्र सुविधा मिल सके। इस अवसर पर सचिव नीरजा कोहली, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर स्वाति गुप्ता, नीता जैन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंजलि अग्रवाल, किरण अग्रवाल तथा करनी नगर विकास समिति के संचालक समाजसेवी प्रवीण भंडारी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सचिव कोहली ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में लगभग 150 ट्राइसाइकिल और 150 व्हीलचेयर दिव्यांगजनों को वितरित की जाएंगी। हाड़ौती संभाग के विभिन्न जिलों से दिव्यांगजन शिविर में पहुंच रहे हैं।

## सीवरेज कनेक्शन देखने पहुंचे कलैक्टर

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया शुक्रवार प्रातः बोरखेड़ा एवं बेंचमार्क टाउनशिप क्षेत्र में चल रहे सीवर कनेक्शन की प्रगति का निरीक्षण करने पहुंचे। जिला कलक्टर ने बोरखेड़ा, काला तालाब, सोगरिया, जनकपुरी एवं भदाना में कुल 21 हजार 800 प्रॉपर्टी कनेक्शन के लक्ष्य मुकाबले सिर्फ 7 हजार कनेक्शन किए जाने पर नाराजगी जताई और संबंधित फर्म को प्रॉपर्टी कनेक्शन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मल्टी स्टोरी को भी प्रॉपर्टी कनेक्शन के सर्वे में शामिल करने और सर्वे की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज लाईन डालने और चेम्बर लगने के बाद भी प्रॉपर्टी कनेक्शन नहीं करने पर कॉन्ट्रेक्टर फर्म टेक्नो क्राफ्ट बेंचर्स प्राइवेट लि. को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पूछा कि प्रॉपर्टी कनेक्शन के लिए इतने घर क्षेत्र में निर्मित नहीं है तो लाईन डालने से पहले पूरा सर्वे क्यों नहीं किया।

## पूर्व महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने अपने जन्मदिन की शुरुआत गौमाता की पूजा से की

**बूंदी।** पूर्व महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने अपने जन्मदिवस के पावन अवसर पर दिन की शुरुआत बालचंद पाड़ा स्थित श्री ब्रह्माणेश्वर गौशाला में गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना से की। इस दौरान गौमाता को गुड-खल अर्पित किया गया तथा गौशाला में उपस्थित समस्त गौवंश को गीला व सूखा चारा खिलाया गया। गौसेवा सच्ची सेवा है-इसी भाव के साथ करुणा, संस्कार और प्रकृति संरक्षण के संकल्प को और दृढ़ किया गया। उसके बाद आरा य देव श्री चारभुजा नाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की, तत्पश्चात न्याय के देवता के रूप में पूजे जाने वाले पूर्वज श्री राव भाव सिंह, बूंदी के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर बूंदी की निरंतर उन्नित, देश में अमन-शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की गई तथा सेवा, न्याय और जनकल्याण के पथ पर सतत अठासर रहने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में प्रातः सामान्य चिकित्सालय, बूंदी में मेल मेडिकल वार्ड, रामाश्रय वार्ड, सर्जिकल वार्ड, जनाना वार्ड सहित अन्य वार्डों का भ्रमण कर रोगियों एवं उनके परिजनों से भेंट कर स्वास्थ्य संबंधी हालचाल जाना गया। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि बूंदी सहित देश के सभी नागरिक स्वस्थ, सुखी एवं निरोग जीवन व्यतीत करें। उक्त कार्यक्रमों के पश्चात दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक पुलिस लाइन रोड स्थित केसरी दौलत मैरिज गार्डन में स्नेह नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर महाराव राजा वंशवर्धन सिंह से कोटा संभाग के विभिन्न ठिकानों के ठिकानेदार, सभी धर्मों के धर्मगुरु, विभिन्न समाजों के सामाजिक प्रतिनिधि, शहर के अधिकारीगण, प्रशासनिक, शिक्षा, चिकित्सा, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने भेंट कर नववर्ष एवं जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दीं।


**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-2931 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-09.01.26

आवास संख्या 5-एच-4 महावीर नगर विस्तार, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री राजकुमार सवालख्या पुत्र श्री नाथूलाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री कमल कुमार जैन पुत्र श्री देवीलाल जैन के नाम दिनांक 23.08.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री कमल कुमार जैन पुत्र श्री देवीलाल जैन द्वारा दिनांक 30.09.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री कमल कुमार जैन पुत्र श्री देवीलाल जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 16.06.2014 को श्रीमती रेखा मित्तल पत्नी श्री लोकेश मित्तल को किया गया। श्रीमती रेखा मित्तल पत्नी श्री लोकेश मित्तल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 14.10.2014 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका हैं श्रीमती रेखा मित्तल पत्नी श्री लोकेश मित्तल द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 18.09.2014 को श्री महेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री राजमल को किया गया। श्री महेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री राजमल द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5-एच 4 महावीर नगर विस्तार, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री महेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री राजमल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री महेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री राजमल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री महेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री राजमल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा


# युवा संबल मेला, तैयारियों पर जिला कलैक्टर ने ली बैठक

**कोटा,** (निसं)। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से 12 जनवरी (सोमवार) को युवा संबल मेले का आयोजन दशहरा मैदान, कोटा में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। इस मेले के माध्यम से युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप, कौशल प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार से जुड़े अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में राज्य एवं राज्य से बाहर के विभिन्न निजी नियोजकों की सहभागिता रहेगी तथा युवाओं को ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू एवं प्राथमिक चयन के अवसर भी प्राप्त होंगे।

युवा संबल मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कोटा विश्वविद्यालय, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, आईटीआई एवं कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैङ्गक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की। बैङ्गक में अधिक से अधिक युवाओं को मेले से जोड़ने, संस्थानों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलक्टर ने किया दशहरा मैदान में मेला परिसर का निरीक्षण भी किया। बैङ्गक के पश्चात जिला कलक्टर पीयूष समारिया द्वारा संबंधित विभागों की टीम के साथ दशहरा मैदान स्थित मेला परिसर का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टॉल्स की ले-आउट व्यवस्था, पंजीकरण हेतु क्यूआर कोड स्कैनिंग व्यवस्था, हेल्पडेस्क, बैङ्गक एवं प्रतीक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्लान, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रबंधों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले प्रत्येक युवा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए पर्याप्त कार्मिकों की तैनाती, तकनीकी संसाधनों एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता, पेयजल, छाया, प्राथमिक उपचार, स्वच्छता, स्पष्ट साइनएज, सहायता डेस्क, भीड़ नियंत्रण एवं आपातकालीन प्रबंधन की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, नगर निगम से उपायुक्त एच.एस. ढिल्लन एवं जवाहर जैन, रोजगार कार्यालय से उपनिदेशक मनोज पाङ्गक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संयुक्त निदेशक सविता कृष्णा, अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रोजगार विभाग के उप निदेशक मनोज कुमार पाङ्गक ने बताया कि युवा संबल मेला रोजगार दिवस, रोजगार मेला एवं प्रशिक्षण मेलों का समन्वित स्वरूप होगा। मेले में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, निर्माण श्रमिकों से संबंधित योजनाएं, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, आरसेटी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, आरएसएलडीसी सक्षम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित कुल 13 योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार, ऋण सुविधा एवं उद्यम स्थापना के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## रैन बसेरे का औचक निरीक्षण

**बूंदी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बून्दी की सचिव सरिता मीणा ने जिला मुख्यालय पर स्थित रेन बसेरा देवपुरा बून्दी, रेन बसेरा लंकागेट बून्दी व रेन बसेरा छत्रपुरा बून्दी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं जैसे- आवासीयों के लिए रजाई, कम्बल, तकिया, पीने योग्य पानी, सफाई व्यवस्था, महिलाओं व पुरूषों के लिए रहने की अलग-अलग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, प्राथमिक उपचार व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, रोगवाहक कीट नियन्त्राण व्यवस्थ, विशेष योग्यजन, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों हेतु विशेष सुविधाओं की उपलब्धता व चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। रेन बसेरों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरूस्त करने हेतु रेन बसेरे के प्रभारी अधिकारी/केयर टेकर को निर्देशित किया गया।


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1917 **विज्ञप्ति** दिनांक : 9.1.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रंगबाडी में स्थित कृषि भूमि योजना कृष्णा नगर भूखण्ड संख्या 6 खसरा नं. 75 आवेदक/आवेदिका श्री आदर्श अग्रवाल पुत्र स्व. श्री बद्री नारायण निवासी 6/75, कृष्णा नगर रंगबाडी कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 5170 दिनांक 08.04.2008 को श्री जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री बुटा सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 02.04.2014 को श्री बद्री नारायण गर्ग पुत्र श्री सूरजमल गर्ग को किया गया। जिसका ऑफलाईन नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 1608 दिनांक 14.07.2014 से जारी किया गया। बद्री नारायण गर्ग की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 24.12.2019 व पत्नि उषा गर्ग की मृत्यु दिनांक 28.04.2025 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर पुत्र आदर्श अग्रवाल, पुत्री अदिति अग्रवाल हैं। वारिसान अदिति अग्रवाल द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 17.09.2025 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।
अतः श्री आदर्श अग्रवाल पुत्र स्व. श्री बद्री नारायण के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- 791 **नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 9.1.2026

नगर विकास न्यास कोटा की विवेकानन्द नगर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 35 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 07.09.2020 को श्रीमती वन्दना रावल पत्नी श्री शंकर सिंह को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती कविता अग्रवाल पत्नी श्री प्रमोद अग्रवाल द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.09.2025 को श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा पत्नी श्री आशीष शुक्ला को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 35 योजना विवेकानन्द नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा पत्नी श्री आशीष शुक्ला के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा